## न्यूज डायरी



### चीनी ड्रोन के बीच क्या कर रहा जे–16 लड़ाकू विमान?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन के ड्रोन सेना के बीच हाल में ही नजर आए J–16 फ्लैंकर लड़ाकू विमान की गुत्थी को रक्षा विशेषज्ञों ने आखिरकार सुलझा लिया है। दावा किया जा रहा है कि चीन इन दिनों लड़ाकू विमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल की टेस्टिंग कर रहा है। अगर यह प्रयोग सफल हो जाता है तो आने वाले दिनों में जे–16 लड़ाकू विमान को किसी अनमैंड एरियल व्हीकल के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। इससे युद्ध के दौरान पायटलों के जान की रिस्क कम होगी और हवाई क्षमता में भी भारी बढ़ोत्तरी होगी। विशेषज्ञों की इस संभावना से अमेरिका के भी होश उड़े हुए हैं। अभी तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सहारे लड़ाकू विमानों को उड़ाने की ताकत दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। हालांकि, अमेरिका और रूस पिछले साल से इस तकनीक को लेकर ट्रायल कर रहे हैं। अमेरिका स्काईबोर्ग ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्राम चला रहा है।

### जापान में भीषण भूस्खलन, ताश के पत्तों की तरह बहे मकान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। जापान के शिजुओका प्रांत में भीषण भूस्खलन की खौफनाक तस्वीरें सामने आई हैं। इस घटना के वीडियो में नजर आ रहा है कि भूस्खलन की चपेट में आने से इलाके के कई मकान ताश के पत्तों की तरह से ढह गए। बताया जा रहा है कि राजधानी तोक्यो के पश्चिमी अतामी शहर में मिट्टी धंसने से कई मकानों के बह जाने से कम से कम 20 लोग लापता हो गए हैं। जापानी अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। मध्य जापान के शिजुओका प्रांत में आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार सुबह अतामी शहर में हुई। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 20 लोग लापता हैं और बचावकर्मी उनकी तलाश कर रहे हैं। अभी किसी के मारे जाने की पुष्टि नहीं हुई है। जापान में इस हफ्ते की शुरुआत से ही भारी बारिश हो रही है।

### कोरोना वायरस के बदलते रूपों के साथ बदलते हैं लक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के नाथन स्थित ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी में संक्रामक रोग व वायरोलॉजी में रिसर्च लीडर लारा हरेरो ने बताया कि हम 18 महीनों से भी अधिक समय से कोविड की दुनिया में रह रहे हैं। महामारी, सरकारी एजेंसियां व स्वास्थ्य अधिकरणों की ओर से इस महामारी को लेकर सलाह और बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। साथ ही इस वायरस से संक्रमण के लक्षणों की पहचान के भी तरीके बताए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिस तरह वायरस अपना रूप बदल रहा है उसके लक्षणों में भी बदलाव आता जा रहा है। सामान्य लक्षण जैसे गले में खराश, कफ, बुखार कोविड–19 के शुरुआती लक्षण रहे हैं लेकिन अब इनमें भी बदलाव देखा जा रहा है।

### जूस और सॉफ्ट ड्रिंक्स से कोरोना जांच रिपोर्ट को बदल रहे खुराफाती बच्चे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यूके। बच्चे हमेशा स्कूल न जाने के नए–नए बहाने खोजते रहते है। कुछ खुराफाती बच्चों ने कोरोना की जांच को प्रभावित करने के तरीके भी खोज लिए हैं। हुल्ल विश्वविद्यालय के विज्ञान संचार और रसायन विज्ञान प्रोफेसर मार्क लोर्च ने बताया कि बच्चे कोविड–19 लेटरल फ्लो टेस्ट की रिपोर्ट को प्रभावित करने के लिए सॉफ्ट ड्रिंक और फलों के रस का सहारा ले रहे हैं। प्रोफेसर मार्क ने बताया कि उन्होंने सॉफ्ट ड्रिंक और फलों के रस की बूंदों को कोविड–19 लेटरल फ्लो टेस्ट किट पर डाला, जिससे ये पता चला की इससे परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। इन दिनों बच्चे कोरोना जांच को झुठलाने के लिए फलों के रस से लेकर सॉफ्ट ड्रिंक्स तक कई प्रकार के तरल पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं। इन सभी में एक चीज समान है– वे अत्यधिक खट्टे हैं। संतरे के रस में साइट्रिक एसिड, कोला में फॉस्फोरिक एसिड और सेब के रस में मैलिक एसिड इन पेय पदार्थों को 2.5 और 4 के बीच पीएच देते हैं।

# चीन–चीन चिल्ला रहे इमरान खान को पाक सेना की दो टूक

**दो टूक**

## कहा- अमेरिका के साथ भी अच्छे संबंध बनाने चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इन दिनों हर बात में चीन का पक्ष लेते दिखाई दे रहे हैं। इमरान का चीन प्रेम इतना बढ़ गया है कि वे खुलेआम अमेरिका की बेइज्जती तक कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने पाकिस्तान में अमेरिका को एयरबेस दिए जाने के सवाल पर बिलकुल नहीं बोलकर बवाल खड़ा कर दिया था। अब पाकिस्तानी सेना ने इमरान खान से दो टूक कहा है कि उन्हें अमेरिका के साथ भी अच्छे संबंध बनाने चाहिए।



**पाक सेना प्रमुख और आईएसआई चीफ ने की वकालतः** हाल में ही पाकिस्तान संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा पर गठित संसदीय समिति के सामने पेश होते हुए पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद ने अमेरिका के साथ स्वस्थ संबंधों की वकालत की। इस बैठक में शामिल कुछ सांसदों ने बताया कि सैन्य और खुफिया नेतृत्व ने इस बात पर जोर दिया कि चीन के साथ संबंध मजबूत हैं और बलिदान नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही पाकिस्तान को अमेरिका के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाए रखना होगा।

**पाकिस्तान की रणनीतिक चुनौतियों के बारे में बतायाः** गुरुवार को आयोजित यह बैठक देर रात तक चलती रही। इस बैठक में अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के बाद बनती स्थिति, जम्मू–कश्मीर के घटनाक्रम, चीन और अमेरिका के साथ संबंधों पर सेना और आईएसआई ने अपना पक्ष रखा। दोनों ही निकायों ने देश के सामने आने वाली रणनीतिक चुनौतियों और आंतरिक सुरक्षा की स्थिति पर भी सांसदों को जानकारी दी।

**भारत-अमेरिका के संबंधों पर जताई गई चिंताः** इस बैठक में भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों पर चिंता भी जताई गई। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कहा कि भारत कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यवस्थाओं के माध्यम से अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। जनरल बाजवा ने इसलिए ही पाकिस्तान को अमेरिका के साथ स्वस्थ्य संबंध बनाए रखने के लिए कहा। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी को लेकर भी पाकिस्तान चिंतित है। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि उसका तालिबान पर प्रभाव सीमित है।

**आर्मी चीफ ने पाकिस्तान के दुर्दिनों के बारे में किया आगाहः** इस बैठक में नेताओं को यह भी बताया गया कि बाहरी ताकतें देश में अपना प्रभाव बढ़ा रही हैं। बलूचिस्तान में आतंकवाद में वृद्धि और पिछले हफ्ते लाहौर में हुए हमले इसी का परिणाम है। आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष पाकिस्तान पर दबाव बढ़ा सकता है। इसके अलावा चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (ब्च्म्ब्) परियोजनाओं को लक्षित करने के प्रयास भी किए जा सकते हैं। आगे यह भी आशंका जताई गई कि पाकिस्तान से विदेशी निवेशकों को डराने की कोशिश हो सकती है।

## दूसरी लहर के वक्त पाकिस्तानियों ने मांगी थी भारत के लिए दुआएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
इस्लामाबाद। अप्रैल के अंत में जब भारत कोरोना महामारी की जबरदस्त दूसरी लहर के संकट में घिरा था जब सीमा पार से पाकिस्तान के लोग भारतीयों के लिए दुआएं मांग रहे थे। यह बात एक नए शोध में सामने आई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा संचालित एक अध्ययन में कहा गया है कि अधिकांश पाकिस्तानियों ने उस वक्त अपने पड़ोसी देश भारत के लोगों के प्रति भावनाएं व्यक्त कीं और दुआएं मांगी जब वह कोरोना की गंभीर दूसरी लहर से जूझ रहा था। पाकिस्तान के जिओ टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक यह शोध दयालुता, सहानुभूति और एकजुटता व्यक्त करने वाले पाकिस्तानी लोगों के ट्वीट्स पर केंद्रित था। जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, यह पता चला है कि 21 अप्रैल से 4 मई के बीच पाकिस्तानी नागरिकों द्वारा पोस्ट किए गए अधिकांश ट्वीट भारत के प्रति सकारात्मक थे।

आशिक खुदाबुख्श के नेतृत्व में कार्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी (सीएमयू) के शोधकर्ताओं की टीम ने 300,000 ट्वीट्स पर अपना अध्ययन किया। पाकिस्तान के लोग #IndiaNeedsOÛygen और #PakistanStandsWithIndia के साथ इंटरनेट मीडिया पर भारत के लिए दुआएं मॉंग रहे थे।



**पत्थर में बदल रही मासूम बच्ची**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में एक पांच महीने की बच्ची अत्यंत दुर्लभ बीमारी की वजह से पत्थर में बदल रही है। इस जीन से संबंधित घातक बीमारी को Fibrodysplasia Ossificans Progressiv कहा जाता है। इस बीमारी में इंसान का शरीर पत्थर में बदलने लगता है। बच्ची के परिवार वालों ने अब दुनियाभर के अभिभावकों को संभावित लक्षणों को लेकर चेतावनी दी है। बच्ची का नाम लेक्सी रोबिन्स है। यह दुर्लभ बीमारी 20 लाख में से किसी एक को होती है। लेक्सी का जन्म गत 31 जनवरी को हुआ था। उनके पैरेंट्स अलेक्स और दवे ब्रिटेन के हर्टफोर्डशायर इलाके के रहने वाले हैं। उन्होंने पाया कि बच्ची के हाथ के अंगूठों में कोई हरकत नहीं है।

# हिंसा का के कारण इस देश में अकाल में फंसे 4 लाख लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। इथियोपिया के हिंसाग्रस्त टिग्रे क्षेत्र में 400000 से अधिक लोग अकाल का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी देते हुए कहा है कि 18 लाख लोग अकाल की कगार पर हैं। अगर हालात नहीं सुधरे तो इन लोगों को भी अकाल का सामना करना पड़ेगा। यूएन ने आगाह किया कि सरकार के एकतरफा संघर्ष विराम के बावजूद पश्चिमी टिग्रे में संघर्ष शुरू होने की प्रबल आशंका है।

**यूएनएससी की बैठक में पेश हुई रिपोर्टः** टिग्रे में पिछले साल नवंबर में संघर्ष शुरू होने के बाद से संयुक्त राष्ट्र ने सुरक्षा परिषद की बैठक में दी गई रिपोर्ट में इस अकाल का जिक्र किया है। यूएन ने इस क्षेत्र की भयावह तस्वीर पेश करते हुए कहा कि यहां के 52 लाख लोगों को सहायता की तत्काल आवश्यकता है। कुछ दिनों पहले इथोपियाई सरकार के 28 जून के संघर्ष विराम के बाद लौटने वाली टिग्रे सेना ने लड़ाई रोकने पर सहमति नहीं जताई है।

**भूखों मरने को हुए मजबूरः यूएन की चेतावनी**

**टिग्रे में हालात काफी बदतरः** संयुक्त राष्ट्र के कार्यवाहक प्रमुख रमेश राजसिंघम ने कहा कि पिछले ढाई हफ्तों में टिग्रे में हालात काफी बदतर हुए हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष के कारण खाद्य असुरक्षा और भुखमरी बढ़ गयी है और सूखे का सामना कर रहे लोगों की संख्या 400000 तक पहुंच गयी है और 18 लाख लोग अकाल का सामना करने की कगार पर हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह संख्या इससे कहीं अधिक है।

**यूएन के दवा और खाने पर टिकी लोगों की जिंदगीः** उन्होंने कहा कि इन लोगों में से ज्यादातर की जिंदगी हमारे द्वारा उन्हें दिए जाने वाले भोजन, दवा, पोषण पदार्थ और अन्य मानवीय सहायता पर निर्भर करती है। हमें अब उन तक पहुंचने की आवश्यकता है। अगले हफ्ते नहीं बल्कि अभी। इन सुधारों के कारण अबेय ने 2019 में शांति का नोबेल पुरस्कार जीता था।

## पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति और पीपीपी के सह अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी की तबियत बिगड़ गई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि संसद सत्र के दौरान उन्हें थकान हुई, जिससे वह अपने आपको अस्वस्थ महसूस करने लगे। चिकित्सकों ने उनके रक्त के नमूने लिए और इलाज शुरू कर दिया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने पार्टी सूत्रों के हवाले से अपनी खबर में कहा है कि जरदारी अदालत में पेशी के लिए यात्रा करने और बजट सत्र के कारण थकान होने से बीमार पड़ गए थे।
आसिफ जरदारी को देखने के लिए उनके बेटे बिलावल भुट्टो–जरदारी इस्लामाबाद से यहां पहुंचे और उनकी बेटी बख्तावर भुट्टो–जरदारी भी अपने पति के साथ दुबई से पहुंची है। बता दें कि हाल में संसद में बिलावल ने कहा था कि बीमार होने के बावजूद जरदारी बजट सत्र में शामिल हुए थे। जरदारी 2008 से 2013 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति थे।